Navbharat Times   Edition Delhi
16.11.2016 Page 5
Height 12.74cm Width 4.63 cm

ट्रेड फेयर में बन रहे हैं आधार कार्ड

■ **स, नई दिल्ली :** प्रगति मैदान में ट्रेड फेयर के दौरान पब्लिक आधार कार्ड से जुड़ी हर सर्विस के लिए अप्लाई कर सकती है। आधार कार्ड के लिए एनरोलमेंट, प्लास्टिक आधार कार्ड, डेटा कार्ड प्रिंटर को लेकर भी यहां पांच जगहों पर लोगों को जागरूक किया जाएगा। सोमवार को इस प्रोग्राम को लॉन्च किया गया, जो कि 27 नवंबर तक जारी रहेगा। ई-गवर्नेंस कंपनी अलंकित की ओर से ये सर्विस लोगों को मिलेगी। पांच स्टॉल्स में ई-केवाईसी के अपडेट किए गए वर्जन को भी शोकेस किया गया है, जिसकी मदद से कस्टमर पेटीएम के जरिए 1 लाख रुपये तक का पेमेंट कर सकेंगे। अलंकित लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर अंकित अग्रवाल ने बताया, ई-गवर्नेन्स कंपनी होने के नाते हम इस मेले को एक ऐसे प्लैटफॉर्म के तौर पर देख रहे हैं, जहां बड़ी संख्या में लोग सरकारी योजनाओं का फायदा उठा सकेंगे। मेले के दौरान बड़ी संख्या में लोगों तक पहुंचने के लिए ग्रुप ने 5 जगहों पर अपनी सर्विस रखी है - गेट नंबर 11 के पास फूड कोर्ट के सामने, गेट नंबर 2 के पास हैण्डलूम पविलियन के सामने, आईटीपीओ कैंटीन के पास, फुलवारी के पास और मेट्रो गेट और हॉल नंबर 12 के पास।